# नए विचारों के साथ आगे आएं युवा, बनें रोजगार सृजक

- स्टार्टअप वर्कशाप 'तेजस' में युवाओं को उद्यमिता का दिया गया मंत्र
- राजकीय आइटीआइ रेवसा में बनेगा अटल इन्क्यूबेशन का सैटेलाइट सेंटर

**जागरण संवाददाता, चंदौली :** जिले के युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार सृजक बनाने की दिशा में शनिवार को राजकीय आईटीआई रेवसा में एक दिवसीय स्टार्टअप वर्कशाप तेजस का आयोजन किया गया। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) की स्टार्टअप पहल के तहत आयोजित कार्यशाला में नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसमें 200 से अधिक उद्यमियों, नवाचारियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साईं ने कहा कि जनपद में मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने के लिए युवा नए विचारों के साथ आगे आएं और रोजगार सृजक बनें। उन्होंने नवाचार आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। स्टार्टअप इन यूपी के प्रशांत रंजन ने प्रदेश की स्टार्टअप नीति और युवाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, बीएचयू के विशेषज्ञों ने राजकीय आइटीआइ रेवसा परिसर में स्थायी सैटेलाइट सेंटर स्थापित किए जाने की घोषणा की। उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश पासवान ने युवाओं को ई-मार्केट प्लेटफार्म और नए उद्योगों से जुड़कर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर बल दिया। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौरव सिंह, आइटीआइ के प्रधानाचार्य अजय कुमार आदि थे।



उत्पाद के बारे में जानकारी लेते सीडीओ आर . जगत साईं, दाएं से दूसरे • स्रोत-सूवि